तापमान
अधिकतम 37 .2 डिग्री
न्यूनतम 22 .3 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार, 5 जुलाई 2025

12 अस्पताल में ऑटोमैटिक मशीनों से हो रही सफाई



12 कई गांवों में बरसात की वजह से हुआ जलभराव



## उद्यान विभाग रादौर में स्ट्रॉबेरी, नारायणगढ़ में लीची व हिसार में खोलेगा नए उत्कृष्ट फल केंद्र

- बागवानी विभाग के एचओडी विशेष डा .अर्जुन सिंह सैनी ने 7वें फल उत्सव का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उद्यान विभाग के एचओडी विशेष डा. अर्जुन सिंह सैनी ने कहा कि इस वर्ष प्रदेश में तीन नए उत्कृष्ट खेल केंद्र खोले जाएंगे। इनमें रादौर में स्ट्रॉबेरी, नारायणगढ़ में लीची और तीसरा केंद्र हिसार में खोला जाएगा। इस विभाग का उद्देश्य किसान की आमदनी बढ़ाने के लिए उनको तकनीक के साथ पैदावार उत्पन्न करवाना है।

अब मौजूदा समय में प्रदेशभर उप उष्णकटिबंधीय फल केंद्र लाडवा सहित 14 केंद्र चल रहे हैं, जो अब बढकर 17 हो जाएंगे। इस समय पिंजौर में सेब मंडी शुरू हो चुकी है और दूसरे चरण का काम चल रहा है। इसके अलावा गन्नौर में फल, फूल व सब्जी मंडी का 550 एकड़ में निर्माण किया जा रहा है। उद्यान विभाग के एचओडी डा. अर्जुन सिंह सैनी शुक्रवार को उद्यान विभाग के उप उष्णकटिबंधीय फल केंद्र लाडवा में आयोजित 3 दिवसीय 7वें फल मेला में बोल रहे थे। इससे पहले उन्होंने तीन दिवसीय फल में विधिवत रूप से उद्घाटन किया।

इस फल केंद्र में आयोजित किसानों की प्रदर्शन और बच्चों द्वारा बनाई गई रंगोली का निरीक्षण किया। इस दौरान एचओडी विशेष डा. अर्जुन सिंह सैनी, कुलपति एसके मल्होत्रा, लाडवा फल केन्द्र के उपनिदेशक डा. राकेश कुमार, जिला बागवानी अधिकारी डा. शिवेन्दु ने आम प्रदर्शनी के साथ-साथ विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया तथा फल नर्सरी व बाग का निरीक्षण भी किया। इसके अलावा फल केंद्र लाडवा के परिसर में अपने हाथों से पौधा रोपित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पिछले 10 वर्षों में बागवानी का क्षेत्र चार गुना तक बड़ा है और सरकार द्वारा 97 लाख के बजट को बढ़ाकर 1068 करोड़ रुपए किया है। जिसका प्रयोग इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ बागवानी की फसलों को बढ़ाने में प्रयोग किया जाता है। उन्होंने कहा कि पहले की अपेक्षा बागवानी में काफी सुधार हुए हैं। 10 फीट दूरी की बजाए 3 फीट और 2 फुट की दूरी के बीच पौधा रोपित किया जा रहे हैं। नई-नई किस्म को तैयार किया जा रहा है। किस तकनीक का प्रयोग करके प्रति एकड़ 1000 पौधे तक अर्पित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ समय के बाद पौधों का फल देना काम हो जाता है ऐसे पौधों का तकनीक के साथ जीवन आधार करके उनका रखरखाव और दोबारा से पूरा फल दिए जाने का रिसर्च भी पूरा किया जा चुका है।



कुरुक्षेत्र। नर्सरी का अवलोकन करते उद्यान विभाग के एचओडी विशेष डा. अर्जुन सिंह सैनी व अन्य।

### पांच गांवों के 5- 5 किसानों को बागवानी प्रशिक्षण देगा विभाग

उन्होंने कहा कि पांच गांवों में पांच-पांच किसानों का चयन करके उन्हें पानी का सदुपयोग कैसे किया जाना और किन फलों की किस्म को कौन सी प्रणाली से तैयार करना है, इस बारे में ट्रेनिंग दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने मेरा पानी मेरी विरासत योजना के तहत किसानों को धान की फसल छोडकर सब्जी या बागवानी अपने पर प्रति एकड़ 8 हजार रुपए अतिरिक्त अनुदान दिया जा रहा है इसके अलावा बागवानी अपने जाने पर औसतन 50 हजार रुपए का अनुदान दिया जा रहा है, जोकि अलग-अलग फसलों पर अलग-अलग अनुदान की व्यवस्था की गई है।

किसानों को आमदनी बढ़ाने के लिए बागवानी, सब्जी, डेयरी और मछली पालन जैसी योजनाएं अपनानी चाहिए। फल केंद्र लाडवा की स्थापना इंडो इजराइल योजना के तहत की गई है। इस योजना के तहत कम पानी में तकनीक के साथ कई फसलों के विभिन्न किस्म का उत्पादन किया जा रहा है। आज किसान अपनी पैदावार लेकर मेले में शामिल हुए हैं।

## खबर संक्षेप

### करनाल चीनी मिल को मिला प्रथम पुरस्कार

**करनाल।** सहकारी चीनी मिल, करनाल को पिराई सत्र 2023-24 में तकनीकी दक्षता के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। यह पुरस्कार नई दिल्ली में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। मिल के प्रबंध निदेशक राजीव प्रसाद ने बताया कि इस सत्र में 49.34 लाख क्विंटल गन्ने की पिराई कर 4.90 लाख क्विंटल चीनी का उत्पादन किया गया। इसके अलावा 18 मेगावाट के को-जनरेशन प्लांट से 22.31 करोड़ की अतिरिक्त आय प्राप्त की गई।

### पति के सामने प्रेमी के साथ चली गई पत्नी

**पानीपत।** एक गांव की विवाहिता अपने पति व बेटे को छोड़कर अपने प्रेमी के साथ चली गई। वहीं विवाहिता घर से नगद व जेवर भी साथ ले गई। पति ने बताया कि बुधवार को वह अपनी पत्नी और बेटे के साथ पथरी वाली माता के दर्शन के लिए जा रहा था। रास्ते में उन्हें मतलौडा गांव निवासी अंकुश भी मिला। पति का दावा है कि अंकुश उसकी पत्नी का पुराना प्रेमी था। पत्नी, अंकुश के साथ चली गई। पति ने थाना इसराना में अपनी पत्नी और अंकुश के खिलाफ केस दर्ज करवाया है।

### पांच हजार का इनामी हथियारों के साथ पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने हथियारों के बल पर ट्रक चालक व परिचालक से लूट करने मामले में फरार चल रहे पांच हजार के इनामी अपराधी गांव महराणा निवासी संजय उर्फ संजू को लोडेड देसी पिस्तौल व चाकू सहित गिरफ्तार किया है। वहीं आरोपी संजय पेशेवर अपराधी है और उसके खिलाफ पानीपत के विभिन्न थाना में सात केस दर्ज है।

### टैंकर से तेल चोरी का नौवां आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस ने रिफाइनरी डिपो में डीलरों से मारपीट, जान से मारने की धमकी देने व टैंकर से तेल चोरी मामले में फरार चल रहे नौवें आरोपी कालूराम निवासी गांव पांचली बुजुर्ग जिला मेरठ उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया है। कालूराम ने करनाल के कुताना गांव निवासी आरोपी राजेश, विक्रम, सजय, रामजुहारी व पिंटू, फुरलक गांव निवासी दिलावर, फ्रैंडस कॉलोनी अंबाला निवासी दीपक व करनाल के गांव मोतिया निवासी सूरज के साथ वारदात की थी और इन सभी को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है।

### कार की टक्कर लगने से दंपति की मौत

**यमुनानगर।** गांव भोगपुर के पास कार की टक्कर लगने से बाइक सवार दंपति की मौत हो गई। गांव कपुरी कला निवासी सुशील कुमार ने बताया कि उसका पिता संतराम, मां जीतो देवी के साथ बाइक पर किसी काम से गए थे। रात को करीब आठ बजे जब वह घर लौट रहे थे तो गांव भोगपुर के पास तेज गति से आ रही एक कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उवे दोनों घायल हो गए। हादसे के बाद आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया। अस्पताल में इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई।

एक दिन पहले भाजपा की झंडी लगी कार से कूदकर खेतों में घुस गए थे आरोपी

## बाबा गैंग के मुखिया जसबीर व उसके तीन साथियों को दबोचा

### आरोपियों ने किसी बड़ी वारदात करने का किया खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड पर ले लिया गया

जिले के गांव हरनौल के नजदीक एक दिन पहले फोर्ड कार से नीचे कूदकर खेतों में घुसने के दौरान पकड़े गए युवकों की पहचान हो गई है। इनमें बाबा गैंग के मुखिया जसबीर सिंह व उसके तीन साथियों को गिरफ्तार किया गया है।

उक्त जानकारी पुलिस उपाधीक्षक राजेश कुमार ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए दी। उपाधीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि गत वीरवार शाम को फोर्ड कार से कूदकर भाग रहे आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इनमें हरिद्वार के मुडलाना निवासी जसबीर सिंह बाबा गैंग का मुखिया है।

वहीं, गांव भगवानपुर(हरिद्वार) निवासी सत्रह वर्षीय युवक, सहारनपुर के गांव मंझौल निवासी शिवम व लंढ़ौरा निवासी शाह मोहम्मद गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के अन्य साथियों की तलाश की जा रही है। पूछताछ में आरोपियों ने खुल्लासा किया है कि वह किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। डीएसपी राजेश कुमार ने बताया कि बाबा गैंग के मुखिया जसबीर सिंह पर पहले भी आपराधिक घटनाओं के 14 मामले दर्ज हैं।

उन्होंने बताया कि आरोपियों को शुक्रवार को अदालत में पेश कर रिमांड पर ले लिया गया है। इस दौरान पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह यमुनानगर जिले के किसी युवक के कहने पर उत्तर प्रदेश से यहां पहुंचे थे।

डीएसपी राजेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के पास से एक देसी पिस्तौल, चार जिंदा कारतूस व फोर्ड इंडेवर कार कब्जे में ली है। डीएसपी राजेश कुमार ने बताया कि मौके से फरार हुए आरोपियों के दो साथियों की पहचान अभिषेक व सागर के नाम से हुई है। जिन्हें गिरफ्तार करने के लिए पुलिस दबिश दे रही है।





यमुनानगर। पुलिस गिरफ्त में बाबा गैंग के मुखिया जसबीर समेत उसके साथी व जानकारी देते डीएसपी राजेश कुमार।

**ये था मामला**

गत वीरवार शाम को पंचतीर्थी पुलिस चौकी के प्रभारी राजेश कुमार अपनी टीम के साथ गांव हरनौल के नजदीक नाकाबंदी करके वाहनों की जांच कर रहे थे। इस दौरान वहां पर भाजपा की झंडी लगी फोर्ड इंडेवर कार पहुंच गई। पुलिस ने कार को रुकने का इशारा किया तो उसमें से आधा दर्जन युवक कूदकर खेतों की ओर भागने लगे। पुलिस ने तुरंत भाग रहे युवकों का पीछा कर चार युवकों को पकड़ लिया। जबकि दो युवक खेतों के रास्ते भागने में कामयाब हो गए थे। इस दौरान पंचतीर्थी पुलिस चौकी व थाना छप्पर के प्रभारी अजय और उनकी टीम ने खेतों के रास्ते भागने में कामयाब हुए आरोपियों की देर रात तक तलाश की। मगर दोनो बदमाश पुलिस के हाथ नहीं लगे।

## घरौंडा: बरसत के जोहड़ में मिला युवक का शव

- सुसाइड नोट से खुला राज पुलिस ने दो पर दर्ज किया हत्या का केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

गांव बरसत में एक व्यक्ति की रहस्यमयी मौत से इलाके में सनसनी फैल गई है। वीरवार देर रात गांव के ही शिव मंदिर के पास स्थित जोहड़ (तालाब) में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ। मृतक की पहचान 40 वर्षीय नीरज के रूप में हुई है, जो गांव का ही रहने वाला था। पुलिस को मौके से मिले कथित सुसाइड नोट और परिजनों की शिकायत के आधार पर अब इस मामले में हत्या की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है।

### रात को ही भेजा गया पोस्टमार्टम के लिए

थाना प्रभारी दीपक कुमार के अनुसार, वीरवार रात को सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जोहड़ से शव को बाहर निकाला गया। शव की हालत गली-सड़ी हुई थी जिससे अंदेशा लगाया जा रहा है कि मौत दो-तीन दिन पहले हुई होगी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर करनाल स्थित सरकारी अस्पताल भेज दिया, जहां देर रात पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की गई। पुलिस ने जब मृतक नीरज की जेब की तलाशी ली, तो एक सुसाइड नोट बरामद हुआ जिसने पूरे मामले को नया मोड़ दे दिया। सुसाइड नोट में नीरज ने लिखा था कि वह गांव के ही सोनू उसके रिश्तेदार , एक व्यक्ति से लगातार प्रताड़ित हो रहा था। अगर उसे कुछ हो जाता है, तो इसके लिए ये तीनों जिम्मेदार होंगे।

नीरज के परिजनों ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि उनके बेटे की हत्या की गई है और इसे आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की जा रही है। परिजनों ने बताया कि नीरज पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से तनाव में था और गांव के कुछ लोगों से उसका विवाद भी चल रहा था।

**जांच में जुटी पुलिस**

थाना प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि मामला बेहद संवेदनशील है और हर पहलू की बारीकी से जांच की जा रही है। सुसाइड नोट की हैंडराइटिंग और अन्य साक्ष्यों की भी फॉरेंसिक जांच करवाई जाएगी।

## कुवि में 66 ने दी एमए हिन्दी की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में दाखिले को लेकर चल रही प्रवेश परीक्षा के अंतिम चरण में शुक्रवार को 66 परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र पंहुचे। केयू कैम्पस के विभागों/संस्थानों में सत्र 2025-26 के लिए यह परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। इसके लिए कम्युनिटी सैंटर परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थियों ने अपनी परीक्षा दी।

इस परीक्षा में उच्चतम अंक पाने वाले परीक्षार्थियों को प्रवेश पाने का अवसर मिलेगा। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया कि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के दिशा-निदेर्शानुसार केयू के विभिन्न विभागों व संस्थानों में वर्तमान सत्र में दाखिले को लेकर चल रही प्रवेश प्रक्रिया के अंतिम चरण में आज एम.ए. हिन्दी की प्रवेश परीक्षा संचालित हुई जिसमें 90 में से 66 परीक्षार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। केयू द्वारा आयोजित सभी प्रवेश परीक्षाओं में परीक्षार्थियों के साथ उनके परिजन व संबंधी भी परीक्षा केन्द्र पर पहुंचे। उन्होंने परीक्षा केन्द्र के निरीक्षण के दौरान केंद्र की समुचित व्यवस्था का भी जायजा जिया। उन्होंने केन्द्र के रखरखाव, उत्तर-पुस्तिकाओं की उपलब्धता व परीक्षार्थियों से संबंधित विवरण की जानकारी ली। प्रवेश परीक्षा के दौरान विभिन्न केंद्रों के निरीक्षण के दौरान बैठने की व्यवस्था, स्वच्छता व पेयजल सुविधा की स्थिति की समीक्षा की।



## 22 खेलों के लिए 708 लड़कियों सहित 1700 खिलाड़ियों ने दिया चयन ट्रॉयल : मनोज

**कुरुक्षेत्र।** जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ 2025 में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का जिला स्तर पर 3 व 4 जुलाई को 22 खेलों के लिए 1700 खिलाड़ियों ने चयन प्रक्रिया में भाग लिया। इसमें 708 लड़कियों और 992 लडकों ने अपने-अपने खेल के लिए ट्रॉयल दिया। डीएसओ मनोज कुमार ने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ के अंतर्गत जिला स्तर पर खिलाड़ियों का चयन किया गया है। इन चयनित खिलाड़ियों की सूचि जारी की जाएगी।

इन ट्रॉयलों में 3 व 4 जुलाई को आरर्ची में 35, एथेलिटिक्स में 500, बैडमिनटन में 22, बाक्सिंग में 25, बॉस्केट बॉल में 85, साईकिलिंग में 30, कनोइंगि में 4, फैन्सिंग में 31, फुटबॉल में 110, जिम्नास्टिक में 40, हॉकी में 111, हैंडबॉल में 114, जूडों में 34, कबड्डद्दी में 67, खो-खो में 62, नेटबॉल में 65, टेनिस में 57, स्वीमिंग में 55, ताइ कमांडों में 76, रेसलिंग में 57, वेट लिफ्टिंग में 24, वॉलीबाल में 78 खिलाड़ियों ने ट्रायॅल प्रक्रिया में भाग लिया। इस प्रकार 22 खेलों के लिए ट्रायॅल प्रक्रिया में 1700 खिलाडिय़ों ने भाग लिया। जिसमें 708 लड़कियां और 992 लडके शामिल थे।



बरसाती पानी निकासी के विवाद का हुआ समाधान

## सौंटी-मेहला के बीच डलेगी अंडरग्राउंड पाइपलाइन

- बरसाती पानी को लेकर दोनों गांव के लोगों में हो गया था तनाव
- सिटी मजिस्ट्रेट के आदेश पर पाइपलाइन डालने का काम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

बरसाती पानी की निकासी को लेकर अंबाला शहर के सोंटी और मेहला गांव में बढ़े तनाव के बाद सहमति हो गई है। हरकत में आए प्रशासनिक अधिकारियों ने करीब चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दोनों गांवों के लोगों को समझा बुझाकर शांत किया। इस दौरान कई बार ग्रामीणों में तीखी तकरार भी हुई थी।

अधिकारियों ने पंचायती जमीन पर बने रास्ते के बीचों-बीच अंडरग्राउंड पाइप दबाने का काम शुरू करवाकर समस्या का समाधान करवाया। बता दें कि सौंटी गांव के ग्रामीण पिछले करीब 5 साल से बरसाती पानी की निकासी के लिए प्रशासनिक अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं। उनका आरोप है कि उनके पड़ोसी मेहला गांव के ग्रामीणों ने बरसाती पानी की निकासी के सभी रास्ते बंद कर दिए हैं। पिछले दिनों हुई भारी बारिश के कारण उनके खेतों में पानी भर गया है। निकासी न होने के कारण पानी गांव की गलियों में जमा हो गया है। निकासी के लिए उन्होंने प्रशासन से कई बार गुहार लगाई थी। इसके बाद वीरवार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में भारी पुलिस बल के साथ बीडीपीओ किन्नी गुप्ता, सचिव ईशम सिंह थाना नग्गल प्रभारी कर्मवीर सिंह ने मौके पर पहुंचे। करीब चार घंटे की जद्दोजहद के बाद दोनों गांवों में पानी निकासी पर सहमति बन पाई। इस दौरान कई बार ग्रामीणों में तीखी बहस भी हुई। हालांकि मौके पर मौजूद पुलिस बल के जवानों ने ग्रामीणों को शांत करने में अहम भूमिका निभाई। एसएचओ कर्मवीर सिंह ने कहा कि अगर किसी ने शांति भंग करने का प्रयास किया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल अंडरग्राउंड पाइपलाइन डालने के बाद इस विवाद का समाधान होने की बात कही जा रही है।



अंबाला। पाइनलाइन के लिए खोदी जा रही खाई। फोटो : हरिभूमि

## विदेश भेजने के नाम पर महिला से हड़पे 9 लाख

- तीन आरोपियों के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

विदेश भेजने के नाम पर गांव औरंगाबाद निवासी नेहा रानी से सात लाख रुपए हड़प लिए गए। नेहा रानी अपने बेटे रविंद्र को विदेश भेजना चाहती थी। पैसे हड़पने का आरोप कुमारी गुंजन, जितेंद्र कुमार व व करण पर लगा है।

गांव औरंगाबाद निवासी नेहा रानी ने सदर यमुनानगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका बेटा रविंद्र कुमार पढ़ाई के बाद रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसे पता चला कि कुमारी गुंजन, जितेंद्र कुमार व करण लोगों को विदेश भेजने का काम करते हैं। वह अपने बेटे रविंद्र कुमार के साथ सितंबर 2024 में आरोपियों को मिली। आरोपियों ने उन्हें बताया कि वह लोगों को विदेश भेजने का काम करते हैं। वह उसके लड़के रविंद्र कुमार को भी विदेश में भेज देंगे। वह आरोपियों की बातों में आ गई। आरोपियों ने उसके लड़के को विदेश भेजने के नाम पर करीब सात लाख रुपये का खर्च आने की बात कही। उसने आरोपियों को सात लाख तीन हजार रुपए तथा अपने बेटे रविंद्र कुमार का पासपोर्ट व अन्य दस्तावेज दे दिए।

आरोपियों ने उसके बेटे को जल्द ही विदेश भेजने का आश्वासन दिया मगर काफी दिन बीत जाने के बाद भी लड़के को विदेश नहीं भेजा। आरोपियों से संतोषजनक जवाब नहीं दिया। परेशान होकर उसने पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने पैसे देने से मना कर दिया।

# हैंडबॉल में खुर्दी स्कूल बना विजेता

## खेल महाकुंभः महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों में मिली जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

तेजली खेल परिसर में शुक्रवार को खेल महाकुंभ हरियाणा में हैंडबाल प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में स्टार वे सीनियर सैकेंडरी स्कूल खुर्दी की लड़का वर्ग व लड़की वर्ग की टीमों ने जीत दर्ज की। दोनों टीमों का चयन अब राज्यस्तरीय खेल महाकुंभ हरियाणा गेम्स प्रतियोगिता के लिए किया गया है।

विद्यालय की प्रधानाचार्या दीप माला कांबोज ने बताया कि शुक्रवार को यमुनानगर के तेजली खेल परिसर में खेल महाकुंभ हरियाणा गेम्स के तहत हैंडबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें



जिले भर की लड़का व लड़की वर्ग की कई टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में उनके विद्यालय के लड़का वर्ग की टीम में शामिल हर्ष, लवित, रुद्र, वीराट, तुशांत, यश, मन्नू, नीशांत, हरमनजीत, नैतिक व सत्यम की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता को जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया। इसी तरह उनके स्कूल की लड़की वर्ग की टीम में शामिल वंशिका, यशीका, हंशीका, राशी नेहा, तनीशा, दीपांशी व रूहानी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता जीत कर विद्यालय के नाम रोशन किया। प्रधानाचार्या दीप माला कांबोज व चेयरपर्सन स्नेह लता ने टीम के कोच प्रदीप कुमार व दोनों विजेता टीमों के खिलाड़ियों को बधाई व शुभकॉमनाएं दी।

# योजनाबद्ध करें रिसर्च : चोपड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

ग्लोबल रिसर्च इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी नाचरौन में रिसर्च की समझ विषय पर सेमिनार हुआ। गुरू गोबिंद सिंह कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्रोफेसर डॉ. भावना चोपड़ा ने विद्यार्थियों को रिसर्च डिजाइन व डेटा कलेक्शन तकनीक की जानकारी दी। एक अच्छा रिसर्च करने के लिए सही योजना का बनाया जाना जरुरी है। उन्होंने बताया कि अच्छा रिसर्च करने के लिए योजना कैसे बनाई जाती है, रिसर्च के उद्देश्य कैसे तय किए जाते हैं, वेरिएबल्स की पहचान कैसे की जाती है और डेटा इकट्ठा करने के प्रभावी तरीके कौन कौन से हैं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. अश्विनी कुमार ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।



### रिसर्च व थीसिस का महत्व बताया

प्रो डॉ. प्रियंका कृपलानी ने वैज्ञानिक लेखन के दौरान किन बातों का ध्यान रखना व रिसर्च पेपर, रिव्यू आर्टिकल, प्रोजेक्ट रिपोर्ट और थीसिस लेखन के लिए जरूरी संरचना, भाषा शैली और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को भी समझाया। प्राचार्य डॉ. अश्विनी कुमार ने कहा कि इसका उद्देश्य फार्मेसी के विद्यार्थियों में रिसर्च की समझ, रुचि और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना रहा। हर छोटी खोज लाखों लोगों की जिंदगी बदल सकती है। प्राचार्य डॉ. अश्विनी कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया।

## खबर संक्षेप



### लोगों को जल संरक्षण के प्रति किया जागरूक

**रादौर।** जन स्वास्थ्य विभाग ने शुक्रवार को गांव बरहेड़ी के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में जल संरक्षण एवं जल की गुणवत्ता को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुख्य अध्यापक सुरेंद्र कंबोज ने की। जिला सलाहकार रजनी गोयल ने कहा कि जल अनमोल है। जल की एक-एक बूंद कीमती है। इसका समझदारी से प्रयोग करें और बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए वर्षा जल का संचयन करें। क्योंकि वर्षा का जल अमृत के समान होता है। उन्होंने जल संरक्षण के साथ-साथ विशेष रूप से साफ सफाई के महत्व पर भी जोर दिया और बच्चों को बताया कि खाना खाने से पहले व शौच जाने के बाद साबुन से अपने हाथ अवश्य धोएं। गोयल ने बताया कि अकसर देखने में आता है कि बारिश के मौसम में डायरिया का प्रकोप हो जाता है। अतः स्वच्छ पानी का इस्तेमाल करें। पीने के पानी को ढक कर रखे, दूषित पानी से ही 80 प्रतिशत जल जनित बीमारी डायरिया, उल्टी, दस्त, हैजा होते हैं। बारिश के मौसम में पीने के पानी सतर्कता जरूरी है। पीने के पानी को खुला ना छोड़े व कहीं भी अस्वच्छ कनेक्शन न रहने दे। इस मौके पर जेई पवन कुमार, शिक्षक अनिल कुमार, त्रिलोकनाथ, डॉ जितेंद्र शर्मा, आंगनवाड़ी वर्कर ज्योति, वॉटर सैंपल कलेक्टर हरदीप आदि मौजूद रहे।

## जिले में 11 से 23 जुलाई तक चलेगी कावड़ यात्रा, प्रशासन सतर्क

# यात्रा मार्ग पर 10 ट्रेनों के साथ तैनात रहेगी पुलिस, झांकी की ऊंचाई फिक्स

डीसी ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक
कावड़ियों को साथ रखना होगा पुख्ता पहचान पत्र
कावड़ यात्रा के दौरान बाइक का साइलेंसर उतारा हो तो होगी कार्रवाई



यमुनानगर। कावड़ यात्रा की समीक्षा बैठक में अधिकारियों की बैठक में दिशा निर्देश देते डीसी



आकर्षक झांकी और रथ को रस्से से खींचते हुए श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यजू ▶▶| यमुनानगर

जिला सचिवालय के सभागार में कावड़ यात्रा को शांतिपूर्वक एवं भाईचारे से सम्पन्न करने के लिए शुक्रवार को प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता डीसी पार्थ गुप्ता ने की।

उपायुक्त ने बताया कि कावड़ यात्रा 11 जुलाई से 23 जुलाई तक चलेगी। उन्होंने बताया कि मुख्य मार्गों तथा अन्य मार्गों पर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई हैं। कावड़ यात्रा के दौरान पुलिस पूरी तरह से सतर्क रहेगा और कानून व्यवस्था एवं शांति भंग नहीं होने दी जाएगी। उपायुक्त ने जिले के कावडियों को संदेश देते हुए कहा कि उनके पास आधार कार्ड या कोई पहचान पत्र होना चाहिए। जो कावडिये साउंड व झांकी की यात्रा लेकर जाते हैं उसकी ऊंचाई 10 फुट से अधिक नहीं होनी चाहिए। जो कावड़िये बाइक पर जाते हैं तो वह अपने साईलेंसर न उतारें। जिससे लोगों को आने जाने में परेशानी न हो। जो कावड़िये रादौर या अंबाला की तरफ से आते हैं वह बाइपास हाइवे से होकर जाएं। शहर के बीच से न जाए। डीसी ने नेशनल हाइवे व सड़कों पर पीली पट्टी लगाए जाने, स्वास्थ्य विभाग की टीम खाने की क्वालिटी की जांच करने, जिले में 10 क्रेनों की की भी व्यवस्था के निर्देश दिए।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कावड़ियों के शिविर अन्य समुदाय के धार्मिक स्थानों से उचित दूरी पर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कावड़ शिविरों के आयोजक कावड़ शिविरों में सीसीटीवी कैमरे, पुरूषों व महिलाओं के लिए अलग अलग शौचालय की उचित व्यवस्था करवाएं। इस अवसर पर नगर निगम के आयुक्त निगम अखिल पिलानी, अंडर ट्रेनिंग आईएएस सुमन यादव, अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा, एसडीएम जगाधरी सोनू राम, एसडीएम बिलासपुर जसपाल सिंह गिल, एसडीएम रादौर नरेन्द्र कुमार, एसडीएम छछरौली रोहित कुमार व सीटीएम पीयूष गुप्ता इत्यादि अधिकारी मौजूद रहे।

### भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**रादौर।** रादौर में पहली बार भगवान श्री जगन्नाथ रथयात्रा का भव्य रुप से और धूमधाम से आयोजन किया गया। रथयात्रा का शुभारंभ कस्बा के पक्का घाट के नजदीक स्थित श्री नागेश्वर मंदिर से किया गया। भगवान श्री जगन्नाथ



यात्रा के दोनों तरफ लगे रस्सों को खींचने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा को खींचकर आर्शीवाद प्राप्त किया। दंडी स्वामी महेशाश्रम महाराज ने श्री नागेश्वर मंदिर धाम से भगवान श्री जगन्नाथ रथयात्रा का जैसे ही शुभारंभ किया तो हजारों की संख्या में श्रद्धालु झूमने लगे। रथयात्रा श्री नागेश्वर धाम पक्का घाट से शुरू होकर कस्बा के मेन बाजार, गीता बाजार, थाना चौक से होती हुई सफल पैलेस में संपूर्ण हुई। यात्रा का कस्बा समेत विभिन्न मार्गों पर जगह जगह श्रद्धालुओं ने जोरदार स्वागत किया गया। रथ यात्रा में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्रा की मूर्तियां सजाई गई। इस अवसर पर दंडी स्वामी महेशाश्रम महाराज ने बताया कि शहर में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा का पहली बार आयोजन किया गया है। जिसमें स्थानीय व आसपास के हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि इस यात्रा के आयोजन में कस्बा के लोगों ने भरपूर सहयोग किया। उन्होंने बताया कि अब से लेकर हर वर्ष प्रभु कृपा से कस्बा में भगवान श्री जगन्नाथ की रथयात्रा का आयोजन किया जाता रहेगा। दंडी स्वामी महेशाश्रम महाराज ने बताया कि भगवान श्री जगन्नाथ यात्रा में शामिल होने से श्रद्धालुओं को जन्म जन्मांतर का फल मिलता है। मौके पर चेयरमैन धर्म सिंह बंचल, नपा चेयरमैन रजनीश मेहता शालु, पार्षद भगवतदयाल कटारिया, रणबीर सिंह, छोटेलाल, मोहनलाल अरोड़ा, देवीदयाल अरोड़ा, भारत माटिया, संदीप सैनी, अमित गर्ग, मुकेश अरोड़ा मक्की, सुदेश सैनी, सतीश चौधरी, आशु वर्मा, शैंकी कुमार बिन्नी आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

# ऐतिहासिक निर्णयों से बदली देश की दशा और दिशाः कंवरपाल

■ भाजपा का जगाधरी में सेवा एवं सुशासन कार्यक्रम आयोजित।

हरिभूमि न्यजू ▶▶| यमुनानगर



भाजपा के सेवा एवं सुशासन कार्यक्रम में मुख्यातिथि एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल का स्वागत करते पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा

पूर्व मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने अपने ग्यारह वर्षो के कार्यकाल में ऐतिहासिक निर्णय लेकर देश की दशा और दिशा बदल दी है। आज पूरे विश्व में भारत का सम्मान बढ़ रहा है। उन्होंने शुक्रवार को जगाधरी में आयोजित सेवा एवं सुशासन कार्यक्रम में केंद्र व प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं व निर्णयों के बारे में जानकारी दी।

पूर्व मंत्री कंवरपाल ने कहा कि सेवा, सुशासन एवं ऐतिहासिक निर्णयों के सिद्धांतों को अपनाते हुए देश और प्रदेश की दशा और दिशा बदल गई है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सबका साथ सबका विकास और सबका प्रयास के मंत्र को अपनाते हुए देश को नई दिशा प्रदान की। मोदी ने अपने 11 वर्षो के शासन काल में एक ऐसी व्यवस्था जिसमें निजी क्षेत्र और नागरिक समाज मिलकर सार्वजनिक मामलों का संचालन सरकार इस तरह करें। जिसमें सभी के हित सुरक्षित रहें और सभी का विकास हो। सीएम नायब सिंह सैनी लगातार केन्द्र की मोदी सरकार की योजनाओं को हरियाणा में लागू कर नागरिकों को डबल इंजन सरकार का लाभ प्रदान कर रहे हैं। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में सुशासन में पारदर्शिता, जवाबदेही, भागीदारी, कानून का शासन और दक्षता को अपनाते हुए देश की दिशा ही बदल दी है। उनकी देश हित एवं नेक नीति की विचारधारा के कारण आज विश्व के अनेकों देशों में भारत का नाम शुमार हुआ है। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने बीते 11 वर्षों में विकास की ऐतिहासिक यात्रा तय की है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत,आत्मनिर्भर भारत की कल्पना को साकार करने का काम किया है।

इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शिता, मजबूत इच्छा शक्ति और जन कल्याण के प्रति समर्पण ने भारत को विश्व पटल पर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित किया है। प्रधानमंत्री ने जन धन योजना, उज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि, स्वच्छ भारत मिशन और स्वनिधि योजना जैसी कई ऐतिहासिक योजनाएं शुरू कीं हैं। जिनसे समाज के हर वर्ग को लाभ मिल रहा है। मौके पर भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष निश्चल चौधरी व भाजपा जिला यमुनानगर मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग इत्यादि मौजूद रहे।

# ट्रांसफार्मर का फ्यूज लगाते समय करंट लगने से किसान की मौत, जांच शुरू

हरिभूमि न्यजू ▶▶| यमुनानगर



■ गांव हड़तान में अचनाक ट्यूबवेल बंद होने पर फ्यूज लगाने गया था मुकेश।

मृतक किसान मुकेश का फाइल फोटो।

गांव हड़तान में ट्रांसफार्मर के फ्यूज लगाते समय एक किसान की करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव हड़तान निवासी 34 वर्षीय मुकेश खेती-बाड़ी का काम करता था। वीरवार को मुकेश अपने खेतों में सिंचाई के लिए ट्यूबवेल चला रहा था। काम के दौरान अचानक ट्यूबवेल बंद हो गया। उसे लगा कि ट्रांसफार्म का फ्यूज उड़ गया है। जिस वजह से वह फ्यूज ठीक करने के लिए गया। लेकिन जैसे ही वह बिजली पैनल के पास पहुंचा, उसी दौरान करंट लग गया।

बताया जा रहा है कि जिस जगह वह खड़ा था वहां काफी पानी भरा हुआ था, जिससे करंट तेजी से फैला और मुकेश मौके पर ही गिर गया। परिजनों ने जब मुकेश को खेत में पड़ा देखा तो तुरंत उसे अस्पताल लेकर गए, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# फसल अवशेष प्रबंधन कृषि यंत्रों के लिए 15 जुलाई तक आवेदन

■ पीपीपी मोड में काम करने के इच्छुक करें आवेदन

**यमुनानगर।** कृषि विभाग फसल अवशेष प्रबंधन कृषि यंत्रों व फसल अवशेष आपूर्ति श्रृंखला स्थापना के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। किसान इस योजना का लाभ लेने के लिए विभागीय पोर्टल पर 15 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उक्त जानकारी उप कृषि निदेशक आदित्य प्रताप ने दी। भारत सरकार फसल अवशेष के एक्स सीटु प्रबंधन की महत्ता को देखते हुए फसल अवशेष प्रबंधन योजना में धान की पराली खरीदकर उपयोग करने वाले उद्योगों को फसल अवशेषों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए फसल अवशेष पराली आपूर्ति श्रृंखला योजना लागू की है। इसमें ऐसे उद्यमी अपने उद्योग में पराली की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी मोड) में कृषि यंत्रों के ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सहायक कृषि अभियन्ता डॉ. विनीत कुमार जैन ने बताया कि फसल अवशेष पराली आपूर्ति श्रृंखला योजना में ऐसे उद्यमी जो अपने उद्योगों में धान के फसल अवशेषों को उपयोग कर रहे हैं। वह अपने उद्योग हेतु पराली की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कृषि यंत्रों को खरीदने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

# राजेश कुमार बने हरियाणा कर्मचारी महासंघ के रादौर ब्लॉक के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यजू ▶▶| रादौर



हरियाणा कर्मचारी महासंघ की शुक्रवार को श्री बालाजी मंदिर परिसर में ब्लाक कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान अशोक शर्मा ने की। जिसमें चुनाव पर्यवेक्षक के रुप में अशोक शर्मा व फूल कुमार ने भाग लिया।

चुनाव पर्यवेक्षक अशोक शर्मा ने बताया कि सर्वसम्मति से राजेश कुमार को ब्लॉक प्रधान नियुक्त किया। जगदीश मंसूरपुर को उपप्रधान, कविराज को सचिव, अभिलाष को सहसचिव, सुरजीत सैनी को कोषाध्यक्ष व बलदेव सिंह को सगठनकर्ता नियुक्त गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रांतीय वरिष्ठ प्रधान नरेंद्र धीमान ने नए पदाधिकारीयों को शपथ दिलाई। बैठक का संचालन पूर्व जिला सचिव फूल कुमार ने किया। बैठक में ब्लॉक से संबंधित सभी विभागीय संगठनों के पदाधिकारी व कर्मचारी साथियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस मौके प्रदेश महासचिव अशोक शर्मा, प्रांतीय महासचिव अमरीक सिंह, पूर्व कर्मचारी नेता रोडवेज यूनियन वरियाम सिंह, प्रांतीय उप प्रधान अनिल मुंजाल,रविंद्र राणा व प्रवेश कुमार इत्यादि मौजूद रहे।

# हेरोइन के साथ एक नशातस्कर काबू, पुलिस रिमांड पर लिया

■ आरोपी के पास से 15 ग्राम हेराइन मिली

**यमुनानगर।** जिला पुलसि की एंटी नारकोटिक सेल ने शहर की महिंद्रा पेट्रोल पंप वाली गली से एक युवक को गिरफ्तार कर उससे 15 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत से रिमांड पर लिया गया है। एंटी नाकोटिक सेल की टीम के इंचार्ज अरुण कुमार ने पुलिस ने गुप्त सूचना पर महिंद्रा पेट्रोल पंप की साथ वाली गली में नाका लगाकर जांच शुरू की। एक युवक ने टीम को देखकर भागने का प्रयास किया, लेकिन टीम ने उसे कुछ दूरी पर जाकर पकड़ लिया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट डीएसपी बिलासपुर हरविंदर सिंह को बुलाया गया। जिसके सामने पकड़े गए युवक की तलाशी ली तो उसके पास से 15 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान महादेव कॉलोनी आजाद नगर निवासी सुनील उर्फ बंटी के नाम से हुई। आरोपी फिलहाल प्रोफेसर कॉलोनी में किराय के मकान में रह रहा था। आरोपी के खिलाफ पहले भी इसी प्रकार के दो मामले दर्ज हैं जो कोर्ट में विचाराधीन है। टीम में ब इंस्पेक्टर सतीश कुमार, नवीन, सोनू एएसआई जसवीर सिंह, हैप्पी, जयपाल मराठा, ललित व विमल को शामिल किया था।

# जाट छात्र संघ ने मनाया शिरोमणि राजाराम का 336वां बलिदान दिवस

हरिभूमि न्यजू ▶▶| रादौर



■ रादौर के जाट नगर में संघ ने कार्यक्रम आयोजित कर किया श्रद्धापूर्वक नमन।

जाट छात्र संघ रादौर द्वारा शुक्रवार को कस्बा के जाट नगर में हिन्दू वीर शिरोमणि राजाराम का 336 वां बलिदान दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में समाजसेवी एवं संघ के वरिष्ठ सदस्य साहिल बालयान ने भाग लिया। मौके पर मुख्यातिथि समेत गणमान्य ने वीर शिरोमणि राजाराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

मुख्यातिथि एवं समाजसेवी साहिल बालयान ने कहा कि वीर राजाराम का जन्म सिनसिनी राजस्थान के एक जाट (क्षत्रिय) वीर भज्जाराम के घर में हुआ था। उस समय देश में औरंगजेब का आतंक था। उन्होंने औरंगजेब की धर्म विरोधी नीति के खिलाफ बिगुल बजा दिया। उन्होंने कूटनीति से जाटौली थून की 575 गांवो की जमीदारी सम्भाली और धर्मसेना को मजबूत किया। इस तरह कुन्तल, आगरा, फतेहपुर सीकरी व धौलपुर के जाट सरदारों को भी धर्म रक्षा ले लिए उन्होंने एकता के सूत्र में पिरोया। सैनिको को गुरिल्ला युद्ध और शाही सेना से लड़ने के लिए प्रेरित किया।

मुगलों के अत्याचारों से तंग होकर वीर राजाराम ने मुगलों को दण्ड देने के लिए आगरे पर हमला कर दिया और आगरा जिले से मुगल शासन का अंत कर दिया। मई 1686 में सफदरजंग ने राजाराम का मुकाबला किया। किन्तु बेचारे को भागना पड़ा व अपने पुत्र आजमखां को मुकाबले के लिए भेजा। आजमखां के आने से पहले ही राजाराम ने सिकन्दरे पर आक्रमण कर दिया। मुगलों के 400 आदमियों को जहन्नुम रशीद कर दिया। राजाराम मुगलों से लोहा लेते हुए 4 जुलाई 1688 को शहीद हो गए।

## 31 अगस्त 2024 तक सभी डिफाल्टर का सरचार्ज होगा माफ

# एकमुश्त बिल भरने पर 10 प्रतिशत की छूट

हरिभूमि न्यजू ▶▶| यमुनानगर



■ बिजली बिल माफी योजना का लाभ उठाएं उपभोक्ता : डीसी पार्थ गुप्ता

हरियाणा सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं के लिए सरचार्ज माफी योजना की घोषणा की है। योजना 11 नवंबर तक लागू रहेगी। इसके तहत बिजली उपभोक्ताओं का 31 अगस्त 2024 तक के बकाया बिजली बिलों का सरचार्ज माफ किया जाएगा। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि उन्होंने जिले के पात्र बिजली उपभोक्ताओं को सरकार की ब्याज माफी योजना का लाभ उठाने के लिए आगे आएं।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि बिजली बिल मापी योजना के तहत ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में स्थित सभी निजी उपभोक्ता श्रेणियों, कृषि श्रेणी, सरकारी, नगर पालिका, ग्राम पंचायत, राज्य सरकार एवं अन्य पब्लिक सर्विस यूटिलिटी, औद्योगिक और अन्य श्रेणियों के कनेक्ट और डिस्कनेक्ट उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा। यह योजना ऐसे उपभोक्ताओं के लिए वैध है जो 31 अगस्त 2024 तक बिजली निगम के डिफाल्टर थे और अभी भी डिफाल्टर बने हुए हैं।

### मूल राशि में भी छूट

एसई अभियंता नरेन्द्र सिंह ने बताया कि एकमुश्त भुगतान किया जाता है तो पात्र सभी घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं को मूल राशि पर भी 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी और पूरा ब्याज माफ किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए योजना की अधिसूचना की तारीख तक कुल विलंबित भुगतान अधिभार को रोक दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि घरेलू उपभोक्ता जो योजना में भाग लेने का निर्णय लेते हैं। उनके पास अधिसूचना की तारीख तक बकाया मूल राशि का एकमुश्त या 8 मासिक या 4 द्विमासिक किस्तों में भुगतान करने का विकल्प होगा।

बकाया ब्याज राशि को 8 चालू मासिक या 4 द्विमासिक बिलों के नियमित भुगतान के साथ किस्तों में माफ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कृषि श्रेणी उपभोक्ताओं के पास बकाया मूल राशि का भुगतान एकमुश्त या तीन बुकिंग चक्रों में करने का विकल्प होगा तथा उपभोक्ता इसका लाभ उठाएं।

### बिल का 50% भुगतान करने पर 50% सरचार्ज माफ

एसई नरेन्द्र सिंह बताया कि औद्योगिक व अन्य श्रेणियों के उपभोक्ताओं को कुल मूल राशि के साथ 50 प्रतिशत अधिभार राशि का एकमुश्त भुगतान करने पर शेष 50 प्रतिशत अधिभार राशि माफ होगी। कनेक्शन काटे गए उपभोक्ताओं के मामले में एकमुश्त राशि के भुगतान पर या मूल राशि की पहली किस्त के भुगतान पर लागू होने वाले पुनः कनेक्शन आदेश शुल्क को चार्ज करने के बाद दोबारा कनेक्शन किया जाएगा। बशर्ते कि कृषि श्रेणी को छोडकर सभी श्रेणियों के लिए छह महीने के भीतर कनेक्शन काटा गया हो। कृषि श्रेणी में कनेक्शन दो साल से अधिक पुराना कटा नहीं हो सकता है। छह महीने या दो साल (जैसा भी मामला हो) से अधिक पुराने कनेक्शन के मामले में आवेदक को नया उपभोक्ता माना जाएगा। जिन उपभोक्ताओं के मामले वर्तमान में बिलिंग विवादों के कारण किसी न्यायिक फोरम में हैं वह उपभोक्ता मामला वापस लेकर इस योजना का लाभ ले सकते हैं। केस वापिस लेने वाला उपभोक्ता इस योजना का लाभ लेने के लिए पात्र होगा।

## खबर संक्षेप

### स्व. सुमेरचंद की स्मृति में रक्तदान शिविर कल

कुरुक्षेत्र। समाजसेवा के क्षेत्र में वर्णनीय सेवाएं प्रदान करने वाले स्वर्गीय सुमेरचंद अग्रवाल की स्मृति में 12वां विशाल रक्तदान शिविर 6 जुलाई रविवार को रेलवे रोड स्थित अग्रवाल धर्मशाला में लगाया जाएगा। स्व. सुमेरचंद अग्रवाल के पुत्र वेदभूषण अग्रवाल ने बताया कि उनके पिता का देहांत 2010 में हुआ था और उनकी स्मृति में उनके पुत्रों वेदभूषण अग्रवाल, भारत भूषण अग्रवाल व विनोद अग्रवाल द्वारा हर वर्ष विशाल रक्तदान शिविर लगा कर उन्हें श्रद्धांजलि दी जाती है।


स्व. सुमेरचंद।

### बीएमडी कैंप में 70 से अधिक मरीजों की जांच



कुरुक्षेत्र। श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान (अस्पताल) में शुक्रवार को हड्डी खनिज घनत्व (बीएमडी) जांच शिविर लगाया गया,जिसमें 70 से अधिक मरीजों की हड्डियों की जांच की गई। जांच में 55 मरीजों की हड्डी कमजोर मिली हैं। चिकित्सा अधीक्षक एवं शल्य तंत्र विभाग के चेयरमैन डॉ.राजेंद्र चौधरी ने बताया कि आयुष विवि के कुलपति प्रो.वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में हर महीने के पहले शुक्रवार को शल्य तंत्र विभाग द्वारा हड्डी खनिज घनत्व (इटऊ) कैंप लगाया जाता है, जिसमें ऑस्टियोपोरोसिस समेत अन्य हड्डी संबंधी रोगियों की निशुल्क जांच की जाती है।

### पेंडिंग शिकायतों का विभाग करे निपटान

कुरुक्षेत्र। जिला परिषद के सीईओ शम्भु राठी ने कहा कि समाधान शिविर में आने वाले शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अधिकारी स्वयं समाधान करवाएं। जिला परिषद के सीईओ शम्भु राठी शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर की शिकायतों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। जिला में आयोजित होने वाले समाधान शिविरों में अब तक 5005 शिकायतें मिली हैं। इनमें से 3643 शिकायतों का निपटान कर दिया गया, 63 शिकायतें पेंडिंग हैं।

### मैदान में मेहनत और लगन से अभ्यास करें

कुरुक्षेत्र। भारतीय खेल प्राधिकरण कुरुक्षेत्र प्रशिक्षण केन्द्र में आए हॉकी के इर्न्टनशिप प्रशिक्षक नीरज रावत ने कहा कि खिलाड़ियों को हमेशा खेल के मैदान में पूरी मेहनत और लगन के साथ अभ्यास करना चाहिए। हॉकी के प्रशिक्षक नीरज रावत द्रोणाचार्य हॉकी स्टेडियम में साई और खेल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित समारोह में बोल रहे थे। इर्न्टनशिप पर आए हॉकी प्रशिक्षक नीरज रावत को पूर्व चीफ कोच गुरविन्द्र सिंह, डीआईपीआरओ डा. नरेन्द्र सिंह, हॉकी प्रशिक्षक सोहन लाल, हॉकी प्रशिक्षक नरेन्द्र ठाकुर, साहिल, जितेन्द्र, पूनम शर्मा, चांद राम, कोमल, अमित,अजैब सिंह ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, कुलपति डा. सचदेवा ने जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की

# कुरुक्षेत्र के इतिहास को जिंदा रखने के लिए भारत रत्न गुलजारी लाल का अहम योगदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र


कुरुक्षेत्र। गुलजारी लाल नंदा की जयंती स्मारक पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा व अन्य।

प्रदेश के पूर्व शहरी स्थानीय निकाय राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि कुरुक्षेत्र के पौराणिक इतिहास को जिंदा रखने के लिए भारत रत्न स्वर्गीय गुलजारी लाल नंदा के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। इस महान व्यक्तित्व ने कुरुक्षेत्र का विकास करना ही अपना लक्ष्य बनाया। इस लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए ही कुरुक्षेत्र और 48 कोस के तीर्थों का विकास करने के लिए कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड की स्थापना की थी। अब इस बोर्ड के माध्यम से प्रदेश सरकार 48 कोस के तीर्थों का जीर्णोद्धार कर रही है और इन तीर्थों के लिए कई करोड़ रुपए का बजट भी खर्च किया गया है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा शुक्रवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय व केडीबी द्वारा आयोजित भारत रत्न स्वर्गीय गुलजारी लाल नंदा जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, केयूके के कुलपति डा. सोमनाथ सचदेवा, स्वामी हरिओम परिवाजक,कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड की मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं एसडीएम पकंज सेतिया, केडीबी मानद सचिव उपेंद्र सिंघल, 48 कोस तीर्थ विकास समिति के चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा, केयू के कुलसचिव डा. विरेन्द्र पाल, समाजसेवी पवन आश्री, समाजसेवी विजय सभ्रवाल, समाजसेवी कृष्ण धमीजा, नंदा स्मारक की निदेशक प्रोफेसर शुचि स्मिता ने नंदा जी स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और हवन यज्ञ में मंत्रोच्चारण के बीच आहुति डाली। इसके उपरांत पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा,कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा सहित अन्य गणमान्य लोगों ने पौधा रोपण किया। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न गुलजारी लाल नंदा की हमेशा प्राथमिकता रही कि कुरुक्षेत्र का विकास हो। नंदा जी ने 1968 और 1971 में कुरुक्षेत्र से चुनाव लड़ा और इस लोकसभा क्षेत्र की तस्वीर बदलने का काम किया। इसके लिए बकायदा केडीबी की स्थापना की। अब भाजपा सरकार ने वर्ष 2014 से कुरुक्षेत्र व 48 कोस के तीर्थों का विकास करने की योजना तैयार की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह कुरुक्षेत्र को विश्व मानचित्र के पटल पर लाने के लिए कार्य कर रहे है। इस क्षेत्र में विकास की गति को तेजी के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ब्रह्मसरोवर भारत रत्न स्वर्गीय गुलजारी लाल नंदा की देन है, प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन किया जाता है, जिसमें लाखों पर्यटक व श्रद्धालु शिरकत करते है। चेयरमैन मदन मोहन छाबड़ा ने नगर वासियों को भारत रत्न गुलजारी लाल नंदा की जयंती पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत रत्न नंदा जी ने अपने जीवन में पिछड़े, गरीब और दलित वर्ग के साथ-साथ समाज के जरूरतमंद लोगों के उत्थान के लिए कार्य किया। नंदा जी के प्रयासों से गीता स्थली कुरुक्षेत्र को अंतर्राष्ट्रीय पटल पर एक मुकाम मिला। समाज सेवी विजय सभ्रवाल ने भारत रत्न गुलजारी लाल नंदा जी के साथ बिताए दिनों के अनुभवों को सांझा किया। नंदा स्मारक स्थल की निदेशक शुचि स्मिता ने मेहमानों का स्वागत और आभार व्यक्त किया।

### नंदाजी के जीवन पर शोध हो

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डा. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि भारत रत्न स्वर्गीय गुलजारी लाल नंदा ने अपना जीवन समाज को समर्पित किया और कुरुक्षेत्र व 48 कोस के तीर्थों का विकास करने का लक्ष्य तय किया है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए नंदा जी ने एक आम जन साधारण की तरह कुरुक्षेत्र में कार सेवा जैसे कार्यों को शुरू करवाया। अब नंदा जी के जीवन से युवा पीढ़ी को प्रेरणा मिले और नंदा जी के जीवन पर शोध हो इसके लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय निरंतर कार्य कर रहा है।

### जयंती पर पवन गर्ग ने दी श्रद्धांजलि


पवन गर्ग।

लाडवा। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के पूर्व सदस्य पवन गर्ग ने भारत रत्न स्वर्गीय गुलजारीलाल नंदा की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पवन गर्ग ने कहा कि गुलजारीलाल नंदा जी भारतीय राजनीति में ईमानदारी, सादगी और राष्ट्रसेवा के प्रतीक रहे हैं। उनका संपूर्ण जीवन तपस्या, नैतिकता और कर्तव्यनिष्ठा का अनुपम उदाहरण है। स्वतंत्रता संग्राम में उन्होंने सक्रिय भागीदारी निभाई और कई बार जेल भी गए। देश की नीतियों और विकास योजनाओं के निर्माण में उनका योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि युवापीढ़ी को नंदा जी के जीवन मूल्यों को अपनाएं और उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारें ताकि राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाई जा सके।

### कुरुक्षेत्र के तीर्थों का जीर्णोद्धार किया जा रहा

केडीबी के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल ने कहा कि 1967 में सोमवती अमावस्या के दिन भारत रत्न गुलजारी लाल ने जब ब्रह्मसरोवर पर स्नान किया तो उसी ब्रह्मसरोवर के साथ-साथ आसपास के तीर्थों की तकदीर लिखी गई। नंदा जी ने तीर्थों का विकास करने के लिए केडीबी की स्थापना की। अब राज्य सरकार ने नंदा के सपनों को साकार करने के लिए 48 कोस के सभी तीर्थों का विकास करने का प्रण लिया है और इस प्रण को पूरा करने के लिए तीर्थों का लगातार विकास किया जा रहा है। केंद्र व राज्य के प्रयासों से कुरुक्षेत्र के तीर्थों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है।

### यह रहे मौजूद

इस मौके पर केडीबी सदस्य डा. एमके मोदगिल, कैप्टन परमजीत, अशोक रोशा, डा. ऋषिपाल मथाना, विजय नरुला, समाजसेवी खरैती लाल सिंगला, विनोद गर्ग, सैनी समाज के प्रधान गुरनाम सैनी, डा.एसी नागपाल, पिछड़ा वर्ग के प्रदेशाध्यक्ष राम कुमार रम्बा, केसी रंगा, प्राचीन मुल्तान सभा के प्रधान प्रदीप झांब, डा. महा सिंह पुनिया सहित अन्य अधिकारी गण, कार्यकर्ता व अन्य लोग मौजूद थे।

## कुरुक्षेत्र के विकास में गुलजारी लाल नंदा का विशेष योगदान


कुरुक्षेत्र। थानेसर के विधायक एवं पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा सदाचार स्थल पर देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न गुलजारी लाल नंदा जी जयंती पर नमन करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

थानेसर के विधायक एवं पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. गुलजारी लाल नंदा की जयंती पर उन्हे नमन करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र के विकास में नंदा जी का अहम योगदान रहा है और कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर तथा अन्य तीर्थों का जो स्वरूप आज देखने को मिलता है।

वह नंदा जी की देन है। अरोड़ा ने नंदा जी समाधी सदाचार स्थल पर जाकर उन्हे नमन किया। उन्होने कहा कि नंदा जी ने गुजरात से आकर कुरुक्षेत्र को अपनी कर्मभूमि बनाया और वह दो बार इस हल्के से लोकसभा के सदस्य रहे। देश के गृहमंत्री व रेल मंत्री बनें और दो बार कार्यवाहक प्रधानमंत्री का पदभार संभाला। नंदा जी के प्रयासों से ही हरियाणा सरकार ने कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड का गठन किया और देश के संस्थापक चेयरमैन रहे। नंदा जी ने कुरुक्षेत्र की 48 कोस की भूमि में प्राचीन तीर्थों का जीर्णोद्धार करने का बीड़ा उठाया और उन्ही सोच के अनुरूप आज ब्रह्मसरोवर और अन्य तीर्थों का स्वरूप देखने को मिलता है।

अरोड़ा ने कहा कि हरियाणा में जिस भी राजनीतिक दल की सरकार बनी। प्रत्येक सरकार ने कुरुक्षेत्र का विकास करवाया और नंदा जी के सपनों को साकार करने में सहयोग दिया। ऐसी महान विभूति नंदा जी के कुरुक्षेत्र के विकास मे दिए गए योगदान को कुरुक्षेत्रवासी कभी नही भुला सकते।

# मुख्यमंत्री के ओएसडी ने रेस्ट हाउस में सुनीं नागरिकों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ लाडवा

- सड़कों के निर्माण कार्य पर पांच करोड़ 27 लाख का बजट जारी

मुख्यमंत्री के ओएसडी महेंद्र सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का विशेष फोकस लाडवा विधानसभा के नागरिकों को अच्छी सड़कें, पीने के पानी, सीवरेज व्यवस्था और स्वास्थ्य केन्द्रों जैसे बड़े प्रोजैक्ट पर है। इस विधानसभा में जल्द ही एसडीएम कॉम्पलैक्स, रेस्ट हाउस सहित 14 नए सरकारी भवनों का निर्माण कार्य शुरू होगा।

इन प्रोजैक्ट पर सरकार की तरफ से लगभग 55 करोड़ रुपए का बजट खर्च किया जाएगा। मुख्यमंत्री के ओएसडी महेंद्र सिंह शुक्रवार को लाडवा के पीडब्ल्यूडी विश्रामगृह में आयोजित खुले दरबार में लाडवा विधानसभा के लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस पहुंचने पर नगर पालिका चेयरमैन साक्षी खुराना, मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह ने पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। उन्होंने अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के ओएसडी महेंद्र सिंह ने कहा कि लाडवा विधानसभा में जल्द ही 13.05 किलोमीटर की 8 सड़कों का निर्माण कार्य भी शुरू होगा। इन सड़कों के निर्माण कार्य पर 5 करोड़ 27 लाख का बजट सरकार की तरफ से लोक निर्माण विभाग को जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लाडवा विधानसभा में पिछले दिनों आला अधिकारियों की बैठक में लम्बित पड़े प्रोजैक्ट पर तेजी से काम करने के सख्त आदेश दिए थे। इन आदेशों के बाद लाडवा विधानसभा में जल्द ही एसडीएम काम्पलैक्स, पीडब्लयूडी लोक निर्माण विभाग का विश्राम गृह, गांव डीग में पीएचसी, लाडवा में राजकीय वैटनरी अस्पताल, गांव बीड कालवा, गांव ध्यांगला और गांव मंगौली जाटान में राजकीय वैटनरी डिस्पेंसरी के भवनों का निर्माण कार्य शुरू होगा। इसके साथ ही गांव सोंटी, गांव खानपुर कोलिया, गांव भगवानपुर, गांव बण, गांव भैणी, गांव सुनारियां और गांव बणी में सब हैल्थ सेंटर के भवनों का निर्माण कार्य किया जाएगा। यह सभी प्रोजैक्ट पाइप लाइन में है और इन पर लगभग 55 करोड़ का बजट खर्च होगा।


लाडवा। पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में लोगों की समस्या सुनते मुख्यमंत्री के ओएसडी महेंद्र सिंह व उपस्थित लोग। फोटो: हरिभूमि

## पुलिस का चेकिंग अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र पुलिस द्वारा अपराधिक गतिविधियों रोकने हेतू नाकाबंदी करके चैंकिंग अभियान चलाया जा रहा है। संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने, यातायात के नियमों की पालना करवाने तथा अवैध रूप से शराब पीने व पिलाने वालों पर पुलिस ने कसा शिकंजा।

पुलिस अधीक्षक ने सभी प्रबन्धक थाना/प्रबन्धक यातायात को संदिग्ध वाहनों की चैंकिंग करने के आदेश दिए थे। पुलिस की विभिन्न टीमों ने कारवाई करते हुए 390 वाहन चालकों के चालान किये हैं। जिनमे बिना नम्बर प्लेट 122, बिना पैट्रन नम्बर प्लेट 80, शराब पीकर गाड़ी चलाने पर 6, ट्रिपल राइडिंग करने पर 49, काली फिल्म लगे 12 तथा बुलेट से पटाखे बजाने वाले 16 वाहन चालकों के चालान किये। आदेशों की पालना करते हुए कुरुक्षेत्र पुलिस द्वारा इस तरह के अभियान भविष्य में लगातार जारी रहेंगें।

### नाकाबंदी के दौरान पकड़ी चोरी की मोटरसाईकिल

जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना सदर थानेसर के अंतर्गत पीपली चौक पर नाकाबंदी के दौरान चंडीगढ़ से चोरीशुदा एक बुलेट मोटरसाईकिल को काबू किया गया। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करके जांच की जा रही है। इसी प्रकार गत दिवस थाना शाहबाद में नाकाबंदी के दौरान अम्बाला से चोरीशुदा स्प्लेंडर मोटरसाईकिल को बरामद किया गया था।

## खबर संक्षेप

### हुड्डा से मिले कांग्रेस प्रवक्ता सरदार सतनाम सिंह



पिहोवा। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सरदार सतनाम सिंह विर्क ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा से विशेष भेंट कर राज्य की मौजूदा सामाजिक-राजनीतिक हालात पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान पिहोवा क्षेत्र में हाल ही में आई बाढ़ से हुए व्यापक नुकसान, बढ़ती महंगाई, बढ़ते भ्रष्टाचार और आम जनता पर हो रहे प्रशासनिक अत्याचारों पर विशेष चिंता व्यक्त की गई। विर्क ने कहा कि भाजपा सरकार हरियाणा की जनता को हर दिन नई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है।

### अंतरराष्ट्रीय सहकारिता सप्ताह पर रक्तदान शिविर



कुरुक्षेत्र। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता सप्ताह उत्सव के अंतर्गत जिला रेडक्रॉस व लोक नायक जयप्रकाश अस्पताल के तत्वाधान में हैफेड सेक्टर-3 में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ सहकारी समितिया उप-रजिस्ट्रार सतीश रोहिला ने किया। उप-रजिस्ट्रार सतीश रोहिला ने कहा कि इस कार्यक्रम में हैफेड तथा विभिन्न सहकारी समितियों के कुल 57 कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानवता की सेवा में अपना योगदान दिया। उन्होंने कहा कि सभी रक्तदाताओं को हैफेड की ओर से उपहार स्वरूप हैफेड द्वारा निर्मित सहकारी उत्पाद एक किलोग्राम बासमती चावल एवं एक किलोग्राम चाय पत्ती देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हैफेड तथा सहकारी समितियों के सरकारी गोदामों पर लगभग 500 पौधों का पौधरोपण किया गया है। आयोजन की अध्यक्षता जिला प्रबंधक हैफेड शमशेर सिंह ने की।

### सड़क सुरक्षा नियमों को लेकर किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज. थानेसर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सडक सुरक्षा नियमों के बारे में जागरुकता अभियान चलाए जा रहे है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिले के लोगों को सडक सुरक्षा नियमों गुड स्मार्टियन लॉ, एमवीए 2019, क्लेम ट्रिब्युनल प्रोसीजर के बारे में जागरुक किया गया।

### सभी बाधाओं को दूर करने में सक्षम है दुर्गा पूजा

पिहोवा। प्राचीन माता बाला सुंदरी मंदिर में गुप्त नवरात्रि की अष्टमी को एक विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया। यह विशेष धार्मिक कार्यक्रम समाजसेवी राकेश शर्मा परिवार की ओर से करवाया गया। कुरुक्षेत्र से भजन गायक बब्बू चावला सहित अनेक भजन गायको ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को देर रात तक बैठने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से भारत साधु समाज के प्रदेशाध्यक्ष श्रीमंहत बंसी पुरी महाराज, महंत महेश पुरी, स्वामी आशुतोष पुरी सहित नगर के अनेक गणमान्य जनों ने शिरकत की। मौके पर सतप्रकाश मंगला, प्रधान संजय गुप्ता, रमेश मित्तल, संजय कुकरेजा, रमेश शर्मा, संजीव गर्ग, प्रवीण कुमार (पिन्नी), केशव सिंगला, डॉ. राजीव, रतन मंगला, प्रवीण गोयल, राजेश बंसल, जोनी सैनी, सहित भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर पुण्य अर्जित किया।

### राधामयी प्रभात बेला में पिहोवा भक्तिरस से सराबोर

पिहोवा। सुबह की पहली किरणों के साथ जब पिहोवा की पवित्र भूमि पर शंखनाद और वैदिक मंत्रों की ध्वनि गूंजी, तब ऐसा प्रतीत हुआ मानो स्वयं वृंदावन यहाँ उतर आया हो। गुरुनानक कॉलोनी की गलियाँ आज कुछ विशेष थीं। परम श्रद्धेय स्वामी ज्ञानानंद महाराज के आशीर्वाद से आयोजित यह प्रभात फेरी राजपाल कश्यप के सौजन्य से आध्यात्मिक उत्सव में परिवर्तित हो गई। आयोजन की स्मृति को चिरस्थायी बनाने हेतु नरेंद्र शर्मा, विजय कश्यप, विनोद कंसल, विनोद शर्मा ने कश्यप परिवार को ठाकुर जी का मनोहारी स्वरूप भेंट किया। इस दिव्य प्रभात फेरी में अनेक गणमान्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

**दौरा** | फसल अवशेष बनेंगे बिजली उत्पादन का नया स्त्रोत : राजेश वर्मा

# पर्यावरण स्वच्छता के लिए बेहद महत्वपूर्ण कदम युवाओं को प्रदान करेगा रोजगार के नए अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिहोवा



कोरपोरेशन फॉर एअर क्वालिटी मोनिटरिंग के चेयरमैन राजेश वर्मा ने कहा कि बिजली उत्पादन क्षेत्र में फसल अवशेषों का उपयोग पर्यावरण सुरक्षा के साथ-साथ बिजली उत्पादन के लिए एक विशेष समाधान है। वे शुक्रवार को पावर प्लांट छज्जुपुर पिहोवा में अपने दौरे के दौरान सम्बंधित विभाग के अधिकारियों से प्लांट की मशीनों के बारे में जानकारी ले रहे थे। इस मौके पर उपमंडल अधिकारी नागरिक कपिल कुमार ने चेयरमैन राजेश वर्मा को पुष्प भेंट कर उनका स्वागत किया। चेयरमैन राजेश वर्मा ने शुक्रवार को अपने दौरे के दौरान सम्बंधित विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों से पावर प्लांट के बारे में विस्तृत जानकारी ली। इस मौके पर चेयरमैन ने पौधारोपण किया। उन्होंने कहा कि पराली उत्पादन से बिजली उत्पादन एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पर्यावरण उद्योग और दोनों के लिए बढ़यि है। किसानों और सरकार को इस दिशा में मिलकर काम करना चाहिए। इसे मंजूरी देना और समर्थन करना आवश्यक है। पावर प्लांट छज्जुपुर में दिल्ली से आए कोरपोरेशन फॉर एअर क्वालिटी मोनिटरिंग के विशेषज्ञों ने भी प्लांट के बारे में दलीप कुमार जीएम कोरपोरेशन से बातचीत की। जीएम ने प्लांट की उचित व्यवस्थाओं व बिजली उत्पादन क्षमता में बढ़ोत्तरी करने के बारे में विशेषज्ञों को जानकारी दी। इस मौके पर प्लांट हैड सत्येंद्र पाल बख्शी सिंह ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 15 मेघावाट पैडीवेस्टेज पावर प्लांट है, जिससे लगभग 12 करोड़ युनिट सलाना बिजली तैयार की जाती है। इस प्लांट में 250 से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। इसके अतिरिक्त 750 युवाओं को सीजन के अनुसार रोजगार पर रखा जाता है। उन्होंने बताया कि फसल अवशेषों को किसानों की जमीनों से मशीनों के माध्यम से कटवाने व उठवाने का कार्य भी प्लांट द्वारा किया जाता है। इस मौके पर सुजीत कुमार मैम्बर सेक्रेटरी, प्रदीप कुमार आईएएस मैम्बर सेक्रेटरी, आरके अग्रवाल, विकास सिंह एससी, विरेंद्र शर्मा, भूपेंद्र सिंह, निर्मल कुमार, उपमंडल कृषि अधिकारी मनीष वत्स, राजेश वर्मा सहायक कृषि अभियंता कुरुक्षेत्र, नितिन मेहता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# आजीविका को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही बागवानी: मल्होत्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ लाडवा



महाराणा प्रताप बागवानी यूनिवर्सिटी करनाल के वाइस चांसलर डॉ. एसके मल्होत्रा ने कहा कि प्रदेश में लगातार बागवानी की उपयोगिता बढ़ती जा रही है। बागवानी में अधिक मूल्यवान फैसले किसानों को मिल रहे हैं।

बागवानी से खाद्य एवं पोषण सुरक्षा, पर्यावरण सुरक्षा और आजीविका को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही है। महाराणा प्रताप बागवानी यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. एसके मल्होत्रा शुक्रवार को उद्यान विभाग के उप कृषि ओसियन कटिबंधीय फल केंद्र लाडवा में आयोजित साथ में फल मेले में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भगवानी यूनिवर्सिटी के 6 रिसर्च केंद्र प्रदेश में काम कर रहे हैं, ये भिवानी, सोनीपत, जींद, अंबाला, झज्जर और करनाल में स्थित है। प्रदेश में खाद्य एवं पोषण सुरक्षा में बागवानी अपना विशेष योगदान दे रही है। वहीं बागवानी में बड़े पेड़ पौधे होने से पर्यावरण सुरक्षा में भी योगदान की बात किसानों को समझाई जा रही है। इसके अलावा अच्छी आमदनी बागवानी से लेकर किसान अपनी आमदनी को बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को आमदनी बढ़ाने के लिए बागवानी के साथ-साथ मसालेदार औषधीय पौधे और सब्जी को भी शामिल करना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी गुरविंद्र सिंह व हरविंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है। पुरानी अनाजमंडी के रहने वाले पवन कुमार ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्तियों ने उसकी दुकान से घी की पेटी चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चोरी के मामले में आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी अंकुश उर्फ धुर्मी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में सलिंप्त अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इंद्रपुरी के डॉ. राजकुमार ने 11 अगस्त 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि किसी ने उसके घर का ताला तोड़कर पानी की मोटर, टोंटियां व पानी का मीटर चोरी किया है।

### आरोपियों से बाइक बरामद

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज मोटरसाइकिल चोरी के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी परविंद्र सिंह उर्फ नन्नू उर्फ युवी व संदीप सिंह को गिरफ्तार किया है। आनंदनगर के रहने वाले हरीश ने 2 जुलाई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि अंबाला छावनी मार्केट से आरोपी ने उसकी मोटरसाईकिल चोरी की है।

### स्काईलार्क कंपनी से धोखाधड़ी, दो नामजद

**जींद।** स्काईलार्क कंपनी में दो कर्मियों द्वारा पांच लाख रुपये का गडबड़झाला किए जाने का मामला सामने आया है। सदर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर दोनों कर्मियों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### महिला ने की आत्महत्या पति समेत तीन नामजद

**जींद।** गांव जयपुर में महिला द्वारा फांसी लगा आत्महत्या करने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने पति समेत तीन लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज किया है। द्वारका पुरी जगाधरी निवासी परमिंद्र ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि उसकी छोटी बहन रणजीत कौर गांव जयपुर निवासी गुरजीत के साथ वर्ष 2007 में हुई थी।

### अब सहयोगी कर्मचारियों के बारे में पुलिस कर रही है गहन पूछताछ

# पेट दर्द के बहाने से डिकॉय का किया था अल्ट्रासाउंड, एक ने खुद बनवाई थी पर्ची

**आरोपियों से जब्त हो चुके हैं साठ हजार रुपये की नकदी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

अंबाला कैंट के नागरिक अस्पताल में पकड़े भ्रूण लिंग जांच रैकेट में नया खुलासा हुआ है। पूछताछ के दौरान आरोपी कर्मचारी ने बताया कि डिकॉय का पेट दर्द के बहाने अल्ट्रासाउंड करवाया गया। इसके लिए उसने खुद ही पर्ची कटवाई थी। गर्भवती होने की वजह से पकड़े गए। दलाल और आरोपी कर्मचारी दोनों पड़ोसी हैं। असल में अंबाला छावनी की सीएनए चर्च एरिया के रहने वाले आरोपी रज्जी ने डिकॉय (फर्जी ग्राहक) को सरकारी अस्पताल से भ्रूण लिंग जांच करवाने का भरोसा दिया था। 60 हजार रुपए में बात तय होने पर रज्जी ने डिकॉय को अंबाला के फुटबॉल चौक के पास बुलाया था।



अंबाला। पकड़े गए दोनों कर्मचारी।

यहां से रज्जी उसे अपने साथ कैंट के सरकारी अस्पताल में कर्मी के पास ले आया।

अस्पताल में यहां हरियाणा रोजगार कौशल निगम कर्मचारी सागर ने डिकॉय के नाम से अल्ट्रासाउंड की नॉर्मल पर्ची कटवाई। सागर खुद उसकी पर्ची बनवाकर लाया था। पर्ची बनने के बाद सागर ने डिकॉय का रेडियोलॉजिस्ट के पास अल्ट्रासाउंड करवाया। सागर ने डिकॉय के पेट में दर्द होने का बहाना बनाकर अल्ट्रासाउंड करवाया था लेकिन जांच में डिकॉय के गर्भवती होने की वजह से रेडियोलॉजिस्ट ने उसे गायनीकोलॉजिस्ट के पास रेफर कर दिया। जैसे ही रज्जी, सागर और डिकॉय सेंटर से बाहर आए तो टीम ने रज्जी और सागर को काबू कर लिया। टीम ने सागर से 32 हजार व रज्जी से 28 हजार रुपए बरामद किए। जिला पीएनडीटी के नोडल अधिकारी डॉ. रमेश सभ्रवाल ने बताया कि आरोपी डिकॉय को मूर्ख बनाकर उससे पैसा ठगना चाहते थे। गर्भ में भ्रूण के लिंग की जांच करना अपराध है। सरकारी अस्पताल में भ्रूण लिंग जांच का होना बड़ा केस था। इस ऑपरेशन को पूरी प्लानिंग के साथ अंजाम दिया गया। डॉ. सभ्रवाल ने बताया कि दोनों आरोपियों को पुलिस के हवाले कर दिया है। विभाग अपने स्तर पर भी मामले की जांच कर रहा है। आरोपी कब से ये धंधा कर रहे थे, उसके लिए छानबीन चल रही है। हालांकि दोनों आरोपियों का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। फिर भी पुलिस अपने स्तर पर जांच कर रही है।

**अस्पताल में यह जांच का पहला मामला**

अंबाला छावनी के नागरिक अस्पताल में भ्रूण लिंग जांच का यह पहला मामला है। अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि आरोपी इससे पहले कितनी गर्भवती महिलाओं के भ्रूण की लिंग जांच करवा चुके हैं। नागरिक अस्पताल में कर्मचारियों की इस हरकत के बाद पुलिस ने भी अपनी जांच का दायरा बढ़ा दिया है। अब पुलिस आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि इस मामले में नया खुलासा हो सकता है। फिलहाल इस रेड के बाद नागरिक अस्पताल के चिकित्सा अधिकारियों की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।



अंबाला। नागरिक अस्पताल में मशीनों से होती सफाई।

## ऑटोमेटिक मशीनों से हो रही सफाई ओटी के लिए अलग से आएगी मशीन

- मंत्री अनिल विज बोले मरीजों को बेहतर सफाई व्यवस्था उपलब्ध करवाने के मकसद से अब मशीनों से हो रही सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

एयरपोर्ट की तर्ज पर अब अंबाला कैंट के नागरिक अस्पताल में ऑटोमेटिक फ्लोर क्लीनिंग मशीन से साफ-सफाई होगी। हजारों रुपये की लागत से अस्पताल में दो नई मशीनें उपलब्ध करवाई गई है। इस मशीन से दिन में तीन से चार बार साफ सफाई की जाएगी। शुक्रवार को इन मशीनों से अस्पताल में सफाई की गई। मंत्री अनिल विज ने बताया कि ऑपरेशन थिएटर में सफाई के लिए भी अलग से एक नई मशीन लाई जा रही है जोकि आने वाले एक-दो दिन में उपलब्ध हो जाएगी। इलेक्ट्रिक मशीनों के आने के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि यह बहुत ही खूबसूरत बात है कि अब सिविल अस्पताल में इलेक्ट्रिक स्र्कब मशीनों के साथ सफाई की जाएगी। इस संबंध में उनके द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि इन मशीनों के माध्यम से दिन में तीन से चार बार सफाई होनी चाहिए। उन्होंने स्मरण करवाते हुए कहा कि जब वे स्वास्थ्य मंत्री बने थे तो उस समय ओपीडी 300 से कम थी जो अब बढ़कर 3000 से ज्यादा हो गई है। इसके अलावा यहां पर रोजाना 1500 टेस्ट अस्पताल की लैब में किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां की लैब को अपग्रेड करने के लिए उनके द्वारा स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखा गया है ताकि प्रत्येक मरीज के टेस्ट की रिपोर्ट रोजाना उपलब्ध हो सकें।

## दस साल का सारस परिवार से मिला

- परिजनों से हो गया था अलग
- क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर ने परिजनों को तलाशने में निभाई अहम भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नारायणगढ़

जिला युवा शक्ति संगठन के तत्वाधान मे चल रहे बाल देख रेख संस्थान "राधा कृष्ण बाल आश्रम" में रह रहे 10 वर्षीय बालक सारस के परिजनों को तलाश लिया गया है। यह बच्चा अपने परिवार से किसी तरह से बिछड़ गया था। बाल कल्याण समिति के आदेशानुसार बाल देख रेख संस्थान में 26 जून 2025 को पारस आया था । इसके माता पिता को सब- इंस्पेक्टर (क्राइम ब्रांच) राजेश कुमार एवं सोहन लाल- महासचिव के अथक प्रयास से खोज लिया गया है। बाल कल्याण समिती से समन्वय एवं निर्देशनुसार बालक सारस को उसके माता ममता सिंह एवं पिता जितेंद्र सिंह के हवाले कर दिया गया है। सारस खरड़ के वार्ड नंबर 9 के आनंद नगर का रहने वाला बताया जा रहा है। जिला युवा शक्ति संगठन के महासचिव सोहन लाल ने बताया कि बाल देख रेख संस्थान राधा कृष्ण बाल आश्रम में बाल कल्याण समिति द्वारा केवल 7 दिन पहले ही बालक को आश्रय हेतु भेजा गया था जबकि बालक 12 जून से घर से लापता था जिसके कारण बालक को पूरा परिवार बहुत ज्यादा दुखी था। बाल देख रेख के संस्थान के परामर्शदाता मीनाक्षी सैनी द्वारा बालक की परामर्श सत्र के दौरान जो जानकारी प्राप्त हुई उसकी जानकारी सब- इंस्पेक्टर राजेश कुमार को दी गई। इससे परिवार को खोजने मे बहुत मदद हुई। बालक के परिवार में माता पिता और एक छोटी बहन रहती है। सोहन लाल ने बताया की राधा कृष्ण बाल आश्रम द्वारा 165वें बालक को उसके परिजनों से मिलवाने का कार्य किया गया । यदि किसी भी बच्चे को किसी समय अकेला पाए तो तुरंत सुरक्षित स्थान पर पहुंचाए या 01734-287200 पर संपर्क करे। बालक को सपुर्द करते समय जिला युवा शक्ति संगठन के माहसचिव सोहन लाल ,संस्थान अधीक्षक राजेंद्र सिंह रावत, परामर्शदाता- मीनाक्षी सैनी, पैरामेडिकल – प्रियांशु, इंद्रजीत सिंह, राजेश, प्रवीन आदि उपस्थित रहे ।



नारायणगढ़। बच्चे को परिजनों के हवाले करती जांच टीम।

## कई गांवों में बरसात की वजह से हुआ जलभराव

- एसडीएम ने खुद लिया जायजा
- विभागीय अधिकारियों को नालों की सफाई के आदेश, कहा बरसाती पानी का नहीं होना चाहिए ठहराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶। बराड़ा

बरसात के बाद गांवों में हुए जलभराव का जायजा लेने के लिए शुक्रवार को खुद एसडीएम शाश्वत सांगवान मैदान में उतरे। उन्होंने होली, राजोखेड़ी, सुभरी व शेरपुर सुलखनी में बरसाती पानी की निकासी को लेकर निरीक्षण किया। इस मौके पर उनके साथ नायाब तहसीलदार गीता राम भी उपस्थित रहे। एसडीएम ने निरीक्षण के दौरान विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि ड्रेन व नालों की सफाई के कार्य को करवाएं।

यदि कहीं पर नालों व ड्रेनों की सफाई नहीं हो पाई है उस कार्य को प्राथमिकता से करवाएं ताकि बरसात के पानी की निकासी सुगमता हो सके। उन्होंने साफ कहा कि बरसात की वजह से कहीं पर भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति बरसाती पानी की निकासी में रूकावट न डाले यदि कोई ऐसा करता पाया जाए तो उस के खिलाफ कानूनी करवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि बरसाती पानी की निकासी के लिए सभी विभागों को बेहतर समन्वय बनाकर समुचित व्यवस्था करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि ग्रामीणों व अन्य को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि जहां पर जल भराव की स्थिति उत्पन्न हुई है उन स्थानों के साथ-साथ वहां से गुजर रही नालों व ड्रेनों को खुलवाने का काम भी किया गया है।

उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में जल भराव की स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। लोगों को किसी भी प्रकार से घबराने की आवश्यकता नहीं है। यदि किसी क्षेत्र में जल भराव की स्थिति उत्पन्न होती है तो कोई भी व्यक्ति खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में स्थापित बाढ़ नियंत्रण कक्ष में दूरभाष नंबर 01731-283021 व मोबाइल नंबर 8570009501 पर सूचना दे सकता है। सूचना मिलते ही विभाग द्वारा तुरंत कार्रवाई की जाएगी।



अंबाला। पानी निकासी की व्यवस्था का जायजा लेते एसडीएम व अन्य अधिकारी।

## छात्रों ने नशे को जड़ से खत्म करने की ली शपथ

- हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की ओर से कार्यक्रम का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

राज्य सरकार द्वारा प्रदेश को नशा मुक्त बनाने की दिशा में चलाए जा रहे प्रयासों के अंतर्गत, हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की अंबाला यूनिट ने प्राइवेट कोचिंग सेंटर में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में संस्थान के अध्यापकों, विद्यार्थियों और स्टाफ को नशा न करने की शपथ दिलाई गई।

इन जागरूकता अभियानों को हरियाणा एनसीबी प्रमुख एवं पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन एनसीबी यूनिट के एएसआई फूल कुमार ने किया। उन्होंने कोचिंग सेंटर के प्रबंधक विकास बहगल के साथ मिलकर विद्यार्थियों को नशे से होने वाले गंभीर दुष्परिणामों से अवगत करवाया। फूल कुमार ने बताया कि नशा समाज को दीमक की तरह खोखला कर रहा है। यह एक सामाजिक कुरीति है जो व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक और आर्थिक स्थिति को बर्बाद कर देती है। उन्होंने कहा कि नशा अब गांवों, गलियों और घरों तक पहुंच चुका है इसलिए इसे खत्म करने के लिए समाज के सभी वर्गों को एकजुट होना होगा। उन्होंने यह भी बताया कि नशे के खिलाफ लड़ाई एक लंबी और सामूहिक प्रक्रिया है जिसमें सरकार, परिवार, शिक्षा संस्थाएं, मीडिया और आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है।

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को नशा न करने की सपथ दिलाई गई। उपस्थित जनसमूह से अपील की गई कि वे नशा तस्करों के खिलाफ सूचना देने में सहयोग करें। जिसके लिए टोल फ्री नंबर 1933 या ऑनलाइन शिकायत पोर्टल या हरियाणा एनसीबी टोल फ्री नंबरः 90508-91508 या यूनिट अंबाला इंचार्ज के नंबर 9416937786 पर संपर्क किया जा सकता है।



अंबाला। नशे के खिलाफ शपथ लेते कोचिंग ले रहे छात्र।

### दस्तावेजों की जांच के बाद जमा होगी फीस

**अंबाला।** अंबाला शहर के कॉलेजों के साथ ही राजकीय आईटीआई में काउंसलिंग शुरू हो गई है। पहली सूची कम अलॉटमेंट में आए अभ्यर्थियों के दस्तावेज की जांच की जा रही है। दस्तावेज की जांच के बाद अभ्यर्थी को सीट अलॉट होगी। इसके बाद अभ्यर्थी फीस भरकर दाखिला ले सकेगा। यह प्रक्रिया 8 जुलाई तक चलेगी। पहली मेधा सूची की बात करें तो संस्थान में 1188 सीट में से 619 सीट अलॉट हो चुकी हैं। फीस जमा करवाने पर ही अभ्यर्थी की सीट भरी मानी जाएगी। जिले के कॉलेजों में भी दूसरी सूची जारी हो चुकी है। दूसरी अंतिम सूची के बाद सीट खाली होने पर 9 जुलाई को व्यक्तिगत काउंसलिंग के तहत सीट को भरा जाएगा।

## नगर निगम की ओर से फिर चलेगा टैक्स की रिकवरी का अभियान

- सील की जाएंगी संपत्तियां
- 60 करोड़ से ज्यादा के टैक्स की वसूली के लिए इस बार अधिकारी ठोस कार्रवाई करने की कह रहे हैं बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

नगर निगम की ओर से बकाया टैक्स को वसूलने के लिए रिकवरी करनी शुरू कर दी है। बकाया डिफाल्टरों से रिकवरी के लिए निगम ने सूची भी खंगाली शुरू कर दी है। जिन डिफाल्टर संपत्ति धारकों पर निगम का टैक्स बकाया है, उन लोगों को निगम नोटिस देगा। 15 दिन में नोटिस का जवाब न देने पर दूसरा नोटिस देने के बाद संपत्ति को सील किया जाएगा। निगम की ओर से मार्च माह में भी रिकवरी की गई थी। अब दोबारा से रिकवरी तेज हो गई है। निगम की ओर से अप्रैल से जून माह के अंत तक 1 करोड़ 90 लाख का टैक्स वसूल किया गया है। मार्च में निगम ने अभियान चलाया था। तब लोगों पर निगम का 60 करोड़ से ज्यादा टैक्स बकाया था। इसके बाद यह रकम बढ़ गई। निगम की ओर से टीम बनाई जा रही है और नोटिस देने की भी तैयारी चल रही है।

शहर में 2021 में संपत्ति कर आईडी को लेकर सर्वे हुआ था। इस सर्वे में आईडी में गलती की गई। किसी की आईडी में नाम ही नहीं लिखा तो किसी की आईडी में मालिक का नाम गलत लिख दिया। यही नहीं किसी की आईडी में मोबाइल नंबर, पता, वर्गगज सहित अन्य कई तरह की गलती कर दी गई। अब इन गलती को ठीक करवाने के लिए लोग निगम के धक्के खा रहे हैं। आईडी में वर्गगज गलत होने से लोगों का टैक्स भी कम या ज्यादा आ रहा है। निगम संपत्ति कर आईडी सत्यापित कर आईडी को दुरुस्त तो कर रहा है, लेकिन यह प्रक्रिया काफी धीमी है। इस वजह से काफी समय लग रहा है। एएमसी दीपक सूरा ने बताया कि संपत्ति कर की रिकवरी दोबारा शुरू की गई है।

## नशे की बड़ी खेप पकड़ी, 10 किलोग्राम गांजा पत्ती के साथ प्रवासी गिरफ्तार

- अब आरोपी से पुलिस कर रही है पूछताछ, सप्लाई के लिए हाइवे पर किसी का कर रहा था इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

सीआईए नारायणगढ़ ने गांजा की बड़ी खेप पकड़ी है। इस सिलसिले में पुलिस ने एक प्रवासी को भी काबू किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उनसे पूछताछ कर रही है। दरअसल जांच टीम को सूचना मिली थी कि थाना शहजादपुर के एरिया में पतरेहड़ी फ्लाइओवर के पास नशे की बड़ी खेप पहुंच रही है। इसी आधार पर जांच टीम ने यहां नाकाबंदी कर लोगों की जांच शुरू कर दी। नाकाबंदी के दौरान ही पुलिस ने बिहार के रहने वाले वीरेंद्र शाह को काबू किया। तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 10 किलो 200 ग्राम गांजा पत्ती जब्त की। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को रिमांड पर लिया। पता चला है कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। आरोपी किसी को नशे की खेप देने के लिए ही नेशनल हाइवे उसका इंतजार कर रहा था। एसपी अजीत सिंह शेखावत ने बताया कि पुलिस की ओर से नशा तस्करों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने लोगों से भी आग्रह किया कि वे ऐसे तस्करों की सूचना पुलिस को दें ताकि समय पर उन्हें सलाखों के पीछे भेजा जा सके। उन्होंने कहा कि नशा तस्करी करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

**बिजली की समस्या का हमेशा के लिए हो जाएगा समाधान, काफी समय से ग्रामीण थे परेशान**

# गांवों में अंबाला छावनी के फीडर से होगी बिजली आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबाला

उर्जा एवं परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि नारायणगढ़ रोड पर स्थित अंबाला छावनी विधानसभा क्षेत्र के सभी गांवों को अंबाला छावनी फीडर से बिजली आपूर्ति होगी। कई गांवों में अभी अंबाला शहर से बिजली आपूर्ति हो रही है जोकि अब अंबाला छावनी के बब्याल सब स्टेशन से जुड़ेंगे। बिजली शिकायत से संबंधित लोगों की सुविधा हेतु गांव गरनाला में पहले से ही निर्धारित बिजली शिकायत केंद्र जल्द शुरू किया जाएगा। विज शुक्रवार को अपने आवास पर जन समस्याएं सुनने के दौरान पंजोखरा साहिब व अन्य गांव से आए लोगों को यह जानकारी दे रहे थे। उन्होंने कहा कि लोगों को बेहतर और निर्बाध बिजली आपूर्ति मिले इसके लिए कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में नारायणगढ़ रोड पर अंबाला छावनी विधानसभा के सभी गांवों में बिजली आपूर्ति अंबाला छावनी सब स्टेशन से की जाएगी। उन्होंने बताया कि लोगों की बिजली की समस्या हेतु कोई दिक्कत न आए इसके लिए गांव गरनाला में नया शिकायत केंद्र स्थापित किया जा रहा है। यहां लोग अपनी शिकायतें दर्ज करवा सकेंगे। इस दौरान पंजोखरा साहिब व अन्य गांवों से आए लोगों ने ऊर्जा मंत्री अनिल विज को बिजली से जुड़ी समस्या से अवगत कराया जिसे हल करने के निर्देश दिए गए। विज ने बताया कि अंबाला छावनी विधानसभा क्षेत्र के सभी गांवों में महिला चौपाल बनाई जाएगी जहां महिलाएं एक साथ बैठ गतिविधियां कर सकेंगी। उन्होंने बताया कि महिला चौपाल महिला सांस्कृतिक केंद्र होगा जहां वह बैठ कर भजन, कीर्तन व अन्य कार्य कर सकेंगी। इसके लिए हर चौपाल में हारमोनियम, ढोलक व अन्य सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी।

हिम्मतपुरा व अन्य स्थानों से आए लोगों ने शिकायत दी कि उन्हें एक स्थान पर विशेष धर्म की फिल्म दिखाकर धर्म परिवर्तन की कोशिश की गई। मंत्री विज ने इस मामले में पड़ाव थाना पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी तरह गणेश विहार से आई महिला ने बिजली कर्मियों व अन्य लोगों द्वारा उसे अपशब्द कहे जाने की शिकायत दी जिस पर मंत्री ने महेशनगर थाना पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए। मच्छौंडा के ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने की मांग कि जिस पर मौजूद बिजली अधिकारियों को तुरंत इस कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। इसके अलावा अन्य शिकायतों पर भी मंत्री अनिल विज ने संबंधित विभाग के कार्रवाई को निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री अनिल विज के आवास पर नव गठित सैनी सभा अंबाला छावनी के पदाधिकारियों ने उनसे मुलाकात करते हुए उन्हें सम्मानित किया।



अंबाला। मंत्री अनिल विज से आशीर्वाद लेते सैनी सभा के पदाधिकारी।